राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित भवन" जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdpl-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (डी–274 / 94) / अलेसे–II / 02 दिनांक :– 01-4-22

## आदेश संख्या 101 / 2022–23

श्री दिनकर सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लिंक न. 4269) हाल पदस्थापित कार्यालय कलैक्ट्रेट, हनुमानगढ के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर के द्वारा दर्ज अपराध संख्या 161 / 2021 दिनांक 28.05.2021 अन्तर्गत धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 एवं 120बी, भारतीय दण्ड संहिता के संबंध में इस निदेशालय द्वारा जारी अभियोजन स्वीकृति कमांक एफ.3(ख)(डी–274 / 94) / अलेसे–II / 01 दिनांक 01.04.2022 जारी की जा चुकी है। अतः कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक / क–3 / 97 दिनांक 07.07.2010 के अनुसरण में श्री दिनकर सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय कलैक्ट्रेट, हनुमानगढ को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

श्री दिनकर सिंह, स.ले.अ.ग्रेड–II को निलंबन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन काल में श्री दिनकर सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का मुख्यालय कोषाधिकारी, बीकानेर रहेगा तथा वे नियमित रूप से मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति अंकित करेंगे।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (डी–274 / 94) / अलेसे–II / 02 दिनांक :– 01/4/22

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. जिला कलैक्ट्रेट, हनुमानगढ।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों, जयपुर।
4. पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर के उनके पत्र क्रमांक 3199–3203 दिनांक 24.12.2021के क्रम में प्रेषित कर लेख है कि श्री दिनकर सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के विरूद्ध प्रकरण में की गई कार्यवाही से अवगत कराने का श्रम करावें।
5. कोषाधिकारी हनुमानगढ / बीकानेर।
6. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हनुमानगढ।
7. श्री दिनकर सिंह, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय कलैक्ट्रेट, हनुमानगढ।
8. निजी सचिव निदेशक महोदय।
9. कम्पयुटर विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने / पीआईएस इन्द्राज हेतु।
10. निजी पत्रावली / पदस्थापन सीट / गोपनीय शाखा / जांच शाख / रक्षित पत्रावली।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)